मेरे घनश्याम आये हैं | By Subhangi Soni

बुझा लो प्यास नैनो की मेरे सुख धाम आये हैं
बिछा दो फूल राहों में मेरे घनश्याम आये हैं

ऐसी अध्भुत मिली कहानी
मीरा कृष्ण की हुई दीवानी
बचाने विश्वास मीरा का
मिटाने कोहराम आये हैं

कृष्ण के पास सुदामा आये
ये सुन कृष्ण बहुत सुख पाए
कन्हैया नंगे पग दौड़े
मेरे गुलफाम आये हैं

सूरदास मन में हर्षाये
बिन नैनो के दर्शन पाए
बचाने भक्त की भक्ति
पिलाने जाम आये हैं

सांवली श्याम की सूरत प्यारी
चन्द्रमा सी छटा है न्यारी
बंधाने धीरज धरती पर
स्वयं मेरे श्याम आये हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%98%e0%a4%a8%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-by-subhangi-soni/